an>

Title: Need to run the Ajmer- Bandra Terminus train via Bhilwara in Rajasthan.

श्री सुभाÂष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : अध्यक्ष महोदया, मेरा लोक सभा क्षेत्र भीलवाड़ा शहर वस्त्र नगरी के नाम से जाना जाता है और जहां पर लगभग आठ करोड़ मीटर कपड़ा एक महीने में बनता है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि भीलवाड़ा से मुंबई के लिए सप्ताह में तीन दिन ट्रेन चलती है जो अजमेर से बांद्रा चलती है और चित्तौड़ जंक्शन पर उदयपुर से जुड़ जाती है।

माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि एक ट्रेन उदयपुर से सप्ताह में छः दिन चलती है। उसमें भीलवाड़ा से बाकी तीन दिन यह ट्रेन नहीं जुड़ती है। भीलवाड़ा से मुम्बई जाने की ट्रेन के लिए बहुत मांग है और वहां से लाखों लोग मुम्बई जाते हैं। इसलिए मेरा आग्रह है कि चित्तौड़गढ़ से छः दिन चलने वाली ट्रेन में भीलवाड़ा से जो तीन दिन मुम्बई के लिए ट्रेन के डिब्बे नहीं जोड़े जाते हैं, उन बाकी तीन दिनों में डिब्बे जोड़े जाएं, ताकि भीलवाड़ा से मुम्बई तक छः दिन लगातार जाने की सुविधा भीलवाड़ा के लोगों को प्राप्त हो सके। समय देने के लिए आपका धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरोंप्रसाद मिश्र को श्री सुभाÂष चन्द्र बहेड़िया द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।